बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक : योо्स्था01/3–09/2009 /यो0वि0,पटना,दिनांक अप्रैल, 2026

प्रेषक,

रविश किशोर,
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

डाक/ई–मेल

अपर सचिव, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना
मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, पटना
सभी क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, बिहार
सभी जिला योजना पदाधिकारी, बिहार

विषय : **माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा सिविल अपील संख्या–18802/2017, डॉ0 भीम राव अम्बेडकर विचार मंच बनाम बिहार एवं अन्य तथा सम्बद्ध वादों में दिनांक 15.07.2024 को पारित आदेश के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करने के संबध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के ज्ञापांक 5007 दिनांक 12.03.2026 द्वारा विभाग में 63वीं, 64वीं, 65वीं, 66वीं, 67वीं, 68वीं एवं 69वीं प्रतियोगिता परीक्षा के तहत् अनुसूचित जाति (02) कोटि में चयनित एवं अनुशंसित **उम्मीदवारों से तांती/ततवा जाति में होने/न होने संबंधी स्व–घोषणा पत्र प्राप्त कर** तांती/ततवा जाति के उम्मीदवारों को अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (04) कोटि में स्थानांतरित करते हुए अनुसूचित जाति (02) कोटि में उत्पन्न रिक्तियों के विरूद्ध परीक्षाफल प्रकाशन करने सम्बन्धी अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि विषयांकित मामले में आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करते हुए प्रतिवेदन यथाशीघ्र विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाय।

अनुलग्नक :–यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/–
(रविश किशोर)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : यो0स्था01/3–09/2009 /यो0वि0,पटना,दिनांक अप्रैल, 2026

प्रतिलिपि – श्रीमती प्रिया भारती, सहायक निदेशक, योजना एवं विकास विभाग (मुख्यालय), पटना सम्प्रति प्रतिनियुक्त पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना/सुश्री निधि कुमारी, सहायक निदेशक, योजना एवं विकास विभाग (मुख्यालय), पटना सम्प्रति प्रतिनियुक्त विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/सुश्री प्रीति कुमारी, सहायक निदेशक, योजना एवं विकास विभाग (मुख्यालय), पटना सम्प्रति प्रतिनियुक्त पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : योo स्थाo1 / 3–09 / 2009 1949 / योoविo,पटना,दिनांक 17 अप्रैल, 2026

प्रतिलिपि – आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव